हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 8 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 27 .0 डिग्री
न्यूनतम 19 .0 डिग्री

13 नागरिक अस्पताल में शौचालय हुए बंद.....



13 शरद पूर्णिमा गोपियों संग श्रीकृष्ण की महारास का....



## खबर संक्षेप

### क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढाने का झांसा दे ठगी

**जींद।** बैंक कर्मी बन कर क्रेडिट कार्ड की लीमिट बढ़ाने का झांसा देकर साइबर ठग ने एक व्यक्ति को एक लाख 46 हजार रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बहबलपुर निवासी सुखबीर ने पुलिस को शिकायत दी है।

### आज दो घंटे बंद रहेगी बिजली की सप्लाई

**जींद।** 132केवी नरवाना ओल्ड पावर हाऊस में मुरम्मत के कार्य के चलते बिजली सप्लाई आठ अक्टूबर को दो घंटे बंद रहेगी। अधीक्षक अभियंता एमएल रोहिला ने बताया कि साढ़े 10 से साढ़े 12 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रखी जाएगी। फीडर से जुड़े रेलवे रोड, पतराम रोड, पतराम कोर्ट रोड, अस्पताल, न्यू बस स्टैंड आदि एरिया की सप्लाई बंद रहेगी।

### रंजिशन हमला करने पर चार के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव हाट में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हाट निवासी अनिल ने शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही बिंदर से कहासुनी हो गई थी। उसी रंजिश के चलते बिंदर ने अपने परिजनों के साथ मिल कर उसे पर हमला कर दिया।

### मंत्री विज 10 को लेंगे कष्ट निवारण समिति की बैठक

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि 10 अक्टूबर को दोपहर 12:00 बजे आरकेएसडी कॉलेज के हॉल में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। अध्यक्षता प्रदेश के परिवहन, ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज करेंगे। बैठक में सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहेंगे, ताकि बैठक में रखे गए सभी समस्याओं एवं परिवादों का मौके पर समाधान हो सकें।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** भिवानी रोड से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। भिवानी रोड निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत एक अक्टूबर को उसकी बहन घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बहन का कोई सुराग नही लगा। शहर थाना पुलिस ने युवक की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### फसल अवशेष को जलाने पर प्रतिबंध

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि धान व अन्य फसल कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों को जलाने पर 30 नवंबर तक पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया हुआ है। फसल अवशेषों में आग लगाने से रोकने और जनहित को ध्यान में रखते हुए बीएनएसएस 2023 की धारा 163 लगाई हुई है। इसके बावजूद भी यदि कोई फसल अवशेष में आग लगाते पाया तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, केस

**जींद।** युवती को शादी को झांसा दे होटल में ले जा कर दुष्कर्म तथा घटना के बारे में किसी को बताने पर बदनाम करने की धमकी देने का मामला सामने आया है। सफीदों पुलिस ने शिकयत के आधार पर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### तार चोरी करने वाले तीन आरोपियों को किया काबू

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने खेतों से सबमर्सिबल ट्यूबवैल की केबल तार चोरी करने के मामले में उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए तीन आरोपियों को काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्योड़क निवासी नकुल की शिकायत अनुसार 28 अगस्त को जब वह खेत में पहुंचा तो देखा कि खेत कोठे का ताला टूटा हुआ था।

*पुनर्जीवित होंगे प्रदेश के यूथ क्लब, ग्रामीण युवाओं में जगी उम्मीद की आस*

# सरकार ने युवा क्लब की गठन प्रक्रिया को किया सरल पंजीकरण फीस को कम कर केवल 100 रुपये किया

नरेश पंवार ▶▶| कैथल

सरकार द्वारा खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग के युवा कार्यक्रम विंग को कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय हरियाणा में विलय कर युवा अधिकारी एवं उद्यमिता विभाग का सृजन का अब रंग देखने को मिल रहा है। इससे अब मृतप्रायः हो चुके युवा व युवती क्लब फिर से पुनर्जीवित होते दिखाई दे रहे हैं क्योंकि अब सरकार द्वारा जहां युवा क्लब की पंजीकरण फीस कम करते हुए मात्र 100 रुपये कर दी है तो वहीं इसकी पंजीकरण प्रक्रिया भी सरल कर दी है ताकि अधिक से अधिक युवा व युवतियों को युवा क्लबों से जोडते हुए उन्हें सही रास्ता दिखाया जा सके।

### युवा कार्यक्रम विंग को कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय हरियाणा में विलय का दिखा असर

बता दें कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा युवा गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए वर्ष 1972 में नेहरू युवा केन्द्र व प्रदेश के युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग द्वारा ग्रामीण युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने और उनके कौशल व व्यक्तित्व के विकास के लिए संगठित करके प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीण युवा विकास मंडल नामक समूह के गठन की जिम्मेवारी दी गई थी। जिसके तहत विभाग द्वारा गांव-गांव जाकर नौजवानों से बातचीत करके युवा मंडलों का गठन सोसायटी पंजीकरण एक्ट 1860 के तहत किया था। वर्ष 1996 में एक कदम और आगे बढ़ाते तत्कालीन हरियाणा के मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल ने युवा कल्बों का पंजीकरण शुल्क माफ करते मात्र एक रुपए में यूथ क्लब गठन को मंजूरी दी थी। जिससे प्रदेश की हर ग्राम पंचायत स्तर पर एक यूथ क्लब का पंजीकरण करवाया गया था। लेकिन वर्ष 2012 में हरियाणा सरकार द्वारा सोसायटी पंजीकरण एक्ट 2012 के तहत पंजीकरण नियमों में बदलाव करते प्रत्येक समिति/ संगठन/ युवा क्लब के लिए नया कानून लागू कर दिया। जिसके अनुसार सभी संस्थाओं को नए एक्ट के तहत ऑनलाइन पंजीकरण करवाया जाना था। जिसकी पंजीकरण प्रक्रिया में यूथ क्लब के सभी सदस्यों के आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, फैमिली आईडी, व वार्षिक इनकम टैक्स रिपोर्ट आदि दस्तावेजों की जानकारी देने के साथ-साथ कई प्रकार के शपथ पत्र अपलोड किए जाने थे। जिसका कार्य ऑनलाइन सीएससी अथवा वकीलों के माध्यम से किया जाने लगा जिस पर लगभग 15000 का खर्चा आता है।

#### ये हैं नए आदेश

वर्तमान में 1 अक्टूबर को युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग द्वारा नए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।जिसके तहत 1500 वोटो तक की ग्राम पंचायत में 10 से 20 सदस्य, 2000 वोटो तक की ग्राम पंचायत में 15 से 20 सदस्य तथा 2000 से अधिक वोटो की ग्राम पंचायत स्तर पर 20 से अधिक सदस्यों वाला ग्रामीण युवा विकास मंडल अर्थात युवा मंडल का गठन किया जाएगा। जिसके लिए विभाग द्वारा पुराने यूथ क्लबों को पुनः सोसाइटी एक्ट 2012 के तहत पंजीकृत करवाया जाएगा और जिन गांवों में यूथ क्लब नहीं है वहां पर मात्र 100 के शुल्क के साथ नए यूथ क्लब बनाए जाएगा।

#### बचत खाता खुलवाया जाएगा

इसके अलावा सभी युवकल्बों का बैंकों में बचत खाता खुलवाया जाएगा। जिसमें 500 रुपये प्रति माह युवा मंडलों को कार्यशील बनाने के लिए डीबीटी के माध्यम से वित्तीय सहायता इस शर्त पर दी जाएगी कि युवा मंडल ने प्रत्येक माह में कम से कम एक मीटिंग आयोजित की हो और कम से कम दो सामाजिक गतिविधियों ग्राम स्तर पर आयोजित की हो। यह एटीआर प्रत्येक तिमाही उपरांत युवा मंडल के 8 % सदस्यों के हस्ताक्षर उपरांत ब्लॉक स्तर पर स्थापित राजकीय आईटीआई के कार्यालय में जमा करवानी होगी।

#### युवा क्लब गठन के दिए आदेश

विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में 31 दिसंबर 2025 तक 250 युवा क्लब के गठन का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए हर जिले में डीसी की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया जाना है। जिसमें जिला उपायुक्त कमेटी के अध्यक्ष होंगे प्रधानाचार्य को सदस्य सचिव तथा जिला विकास एवं पंचायत अधिकारियों को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया है।

**योजनाओं से करवाया जाएगा अवगतः** राज्य सरकार की अधिसूचना 1 जनवरी 2023 के अनुसार राज्य में युवा मामले कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने के लिए राज्य के सभी 143 विकास खण्डों को रा.आईटीआई से जोड़ते प्रधानाचार्य को खंड युवा समन्वयक अधिकारी बनाया है। राज्य में वर्तमान में 22 जिले 143 खंड 622 ग्राम पंचायत तथा 7356 गांव हैं। युवा मामलों से संबंधित गतिविधियों को पूर्ण करने के लिए राज्य के सभी गांव में युवा मंडलों / युवती मंडलों का गठन किया जाना है ताकि भारत सरकार / राज्य सरकार और विभाग की योजनाओं से गांव के हर युवा को अवगत करवाए जा सके।

*दूसरे दिन भी हुई बारिश, खतरा बन कर आकाश में मंडराते रहे बादल*

# मौसम के तेवरों से अटकी किसानों की सांसें, माथे पर उभरी चिंता की लकीरें

*कृषि से संबंधित कार्य रहा प्रभावित, जिले में औसतन 12 एमएम बरसात*

**पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम के तेवर बिगड़ेल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पश्चिमी विक्षोभ के चलते दूसरे दिन मंगलवार को भी मौसम के तेवर बिगड़ेल रहे। किसानों की सांसें अटकी रही और माथे पर चिंता की लकीरें साफ देखने को मिली। उन्हें भय सताता रहा कि कहीं मौसम के बिगड़े तेवर उनकी फसलों को चौपट न कर दें। दिनभर आकाश में बादल छाए रहे और हलकी बारिश भी हुई। जिससे किसानों की सांसें अटकी रही। धान फसल की कटाई का कार्य बाधित रहा। तापमान में गिरावट दर्ज की गई गई। पिछले 24 घंटों के दौरान औसतन जिले में 12 एमएम बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा बारिश जुलाना 27 एमएम दर्ज की गई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 19 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 82 प्रतिशत तथा हवा की गति छह किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। आकाश में बादलवाई बनी रहेगी। आम तौर पर मौसम शुष्क रहने वाला है। दूसरे दिन मंगलवार को भी मौसम के तेवर तीखे बने रहे। बीती रात भी रूक-रूक कर बूंदाबांदी होती रही। मंगलवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों के साथ हुआ। दिन चढने के साथ बादल गहरे हो गए और बारिश शुरू हो गई। हालांकि बारिश ज्यादा देर जारी नही रही। आकाश में बादलों को आवागमन भी लगा रहा। बादलों के छाने से बारिश के आसार भी बने रहे। पिछले 24 घंटों के दौरान जींद में 20 एमएम, नरवाना में 18 एमएम, जुलाना में 27 एमएम, उचाना में पांच एमएम, अलेवा में सात एमएम, सफीदों तथा पिल्लूखेड़ा में तीन-तीन एमएम बारिश दर्ज की गई। न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।



**जींद।** बारिश के दौरान फसल पर रखी तिरपाल। *फोटो :हरिभूमि*



#### रात के तापमान में गिरवाट

मौसम के तेवरों को देखकर किसानों की सांसें अटकी रही। किसानों को भय सताता रहा कि कहीं मौसम के बिगड़े तेवर उनकी तैयार फसलों को चौपट न कर दें। किसानों का कहना है कि तेज हवा के कारण धान की फसल पसर गई है। जिससे उत्पादन प्रभावित होगा। अगर अब बारिश होती है तो उन्हें काफी नुकसान होगा। मंडियों में पडी धान फसल भी भीग गई है। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। आकाश में बादलवाई बनी रहेगी। आमतौर पर मौसम शुष्क बना रहेगा। रात के तापमान में गिरावट आएगी। किसान मौसम को ध्यान में रख कर कृषि से संबधित कार्य करें।

#### मौसम में अचानक बदलाव

**राजौंद।** मौसम के अचानक करवट बदल लेने से ठंड की दस्तक शुरू हो चुकी है। मौसम जैसे कुछ दिन पूर्व तक सामान्य चल रहा था परंतु पिछले एक दो दिन से मौसम में ठंडक की आहट के चलते सुबह शाम सर्दी का एहसास होने लगा है। चाहे ग्रामीण क्षेत्र हो या नगर हर कोई सुबह साय ठंड महसूस करने लगे है। मौसम में चल रही उठा-पटक की वजह से शीघ्र ही सर्दी अपना एहसास करवाना शुरू कर देगी। कई निजी चिकित्सकों से हुई बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि मौसम परिवर्तन के दौरान छोटे बच्चों का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि इन्हें गर्मी हो या सर्दी सबसे पहले बदलता मौसम इन्हें अपनी पकड़ में लेता है। ऐसे में छोटे बच्चों को संभाल कर रखे ।



**सीवन।** बरसात से खेतों में गिरी धान के पकी फसल। *फोटो :हरिभूमि*

## सीवन : धान की फसल गिरी सब्जियों की बुवाई पर असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

क्षेत्र में हुई बरसात ने एक ओर जहां लोगों को उमस और गर्मी से राहत दी है, वहीं किसानों के चेहरों पर मायूसी छा गई है। बरसात और तेज हवाओं के कारण खेतों में खड़ी पकी हुई धान की फसल प्रभावित हुई है। कई जगहों पर फसल खेतों में गिर गई है, जिससे कटाई में मुश्किलें बढ़ गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों राजेश रहेजा, जरनैल सिंह, सुरेंद्र सरदाना, अंतरजीत सिंह, कुलदीप सिंह और जगरूप सिंह ने बताया कि अब तक हुई बरसात से फसलों को सीमित नुकसान हुआ है, परंतु तेज हवाओं ने धान को झुका दिया है। यदि आने वाले दिनों में बरसात का सिलसिला जारी रहा तो नुकसान बढ़ सकता है। किसानों का कहना है कि मौसम विभाग ने आने वाले दिनों के लिए भी बरसात की चेतावनी दी है।

#### राहत के आसार नहीं

ऐसे में यदि बारिश दो-तीन दिन और जारी रही, तो धान की कटाई में देरी होगी, जिससे उपज का वजन कम होने और दाने के रंग में बदलाव आने की संभावना है। इसका सीधा असर बाजार में मिलने वाले दामों पर पड़ेगा। किसानों ने यह भी बताया कि बरसात से केवल धान ही नहीं, बल्कि सब्जियों की बुवाई पर भी असर पड़ा है। गाजर, मूली, मेथी, गोभी, धनिया, बंद गोभी आदि की बुवाई की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन लगातार हुई वर्षा से खेतों में नमी बढ़ने और जलभराव के कारण काम रुक गया है। किसान अब मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं ताकि बिजाई का कार्य दोबारा शुरू किया जा सके। कुछ निचले इलाकों में जलजमाव की स्थिति भी बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## शिक्षामंत्री की कोठी के घेराव का ऐलान

- आज कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी मायूस और निराश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

कंप्यूटर लैब टेंडेंट कर्मचारी संघ सम्बंधित भारतीय मजदूर संघ के सुरेन्द्र जांगरा ने कहा कि कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी पिछले 14 वर्षो से प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में अपनी सेवाएं दे रहें। कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारियों की प्रदेश सरकार के नियमों के तहत मैरिट के आधार सीडेक मोहाली का एग्जाम देकर भर्ती हुई थी। लेकिन बड़ी ही विडंबना की बात हैं कि स्कूलों में शिक्षा देने वाले आज नाममात्र वेतन पर काम करने पर मजबूर हैं और वो वेतन भी पिछले चार महीनों से नहीं मिला है जबकि ये त्यौहार का महीना कहा जाता हैं और कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी आज खाली हाथ खड़ा हैं। परन्तु आज कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी मायूस और निराश हैं। रामनिवास ने कहा कि हरियाणा सरकार ने कच्चे कर्मचारियों के लिए सेवा सुरक्षा देकर बड़ी सौगात दी थी लेकिन एक वर्ष से ज्यादा बीत जाने के बाद भी कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहें हैं। अभी तक शिक्षा विभाग कि और से कंप्यूटर कर्मचारियों के लिए जॉब सुरक्षा का कोई भी पत्र जारी नहीं किया है।



**राजौंद।** रोष प्रदर्शन करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### डिजिटल मशीन के विरोध में इनेलो ने किया प्रदर्शन

**राजौंद।** राजौंद अनाज मंडी में जिला अध्यक्ष सोनू वर्मा की अध्यक्षता में किसानों के खाते से जो पैसे काट रहे हैं डिजिटल मशीन के विरोध को लेकर इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी की तरफ से प्रदर्शन किया व मार्केट कमेटी सचिव को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रदेश सचिव राजा राम माजरा, कंवर पाल राणा, राजा फौजी,बाबूराम प्रजापत, रणधीर प्रजापत, सुखा मड़वाल सहित कई अन्य किसान मौजूद रहे।इनेलो प्रदेश सचिव राजाराम ने कहा कि अब मंडियों में फसल आ गई है तो उसका 300 रुपए काट कर दिया जा रहा है जो निर्धारित मूल्य से कम में धान खरीदी जा रही है। उन्होंने कहा कि इसका यह नहीं पता चल रहा है कि यह पैसा कहां जा रहा हैं। इसलिए हम सरकार को चेता रहे हैं और सरकार इस ओर ध्यान दें। सरकार किसानों की फसल के पूरे रेट दें और किसानों की समय के खरीदें हैं।

## कार्यालय को ताला लगाकर दिया धरना

- कोऑपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी यूनियन कर्मचारियों ने की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी अनाज मंडी स्थित मार्केटिंग सोसायटी कार्यालय के सामने हरियाणा कोऑपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी एम्प्लॉइज यूनियन के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को हैफेड प्रबंधन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते कार्यालय को ताला लगाकर धरना दिया। कर्मचारियों ने कमीशन दरों में की गई कटौती और समितियों के मार्जिन में कमी के विरोध में नारेबाजी की। और अंकुश कुमार ने बताया कि यूनियन ने 7 अक्टूबर से हड़ताल की शुरुआत कर दी है।



**पूंडरी।** हैफेड प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

#### समितियों के साथ नाइंसाफी

यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि धान फसल की खरीद पर पहले एमएसपी के 0.25 प्रतिशत की दर से मिलने वाला कमीशन घटाकर मात्र ₹1.33 प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जो कर्मचारियों और समितियों के साथ नाइंसाफी है। इसी तरह, गेहूं खरीद पर 2011 से लागू ₹1.33 प्रति क्विंटल की फिक्स दर को बढ़ाकर एमएसपी का 0.25 प्रतिशत करने की मांग भी की गई है। उन्होंने कहा कि समितियों का कार्यभार लगातार बढ़ रहा है, लेकिन कमीशन व मार्जिन में कटौती से उनकी आय में भारी गिरावट आई है। यूनियन ने खाद की बिक्री पर भी समितियों का मार्जिन बढ़ाने की मांग की है ताकि बढ़ती महंगाई और प्रशासनिक खर्चों की पूर्ति हो सके।

### खराब सड़क व पुलिया दे रही हादसों को निमंत्रण

**जींद।** सेक्टर सात-आठ के मोड़ पर खराब सड़क व पुली के कारण हादसे हो रहे हैं। यहां सेक्टरवासियों ने गोल चक्कर बनाने की मांग की है। सोमवार को कार और स्कूटी की टक्कर हो गई थी। जिसमें स्कूटी सवार महिला को चोट आई थी। अभी फिलहाल सेक्टर आठ.नौ के मोड़ पर गोल चक्कर बनाया गया है। शहर के सेक्टर छह, सातख आठ व नौ में वाहन चालकों का आवागमन ज्यादा रहता है। यहां की सड़कें सिविल लाइन थाना, सब्जी मंडीए नहरए निर्माणाधीन मेडिकल कालेज व सफीदों रोड को जोड़ती हैं। सेक्टरवासियों का कहना है कि अगर यहां गोल चक्कर बन जाता है तो सड़क हादसों में कमी आएगी। चारों सेक्टरों में लगभग 2500 मकान हैं। सेक्टरों में सड़कें भी लंबे समय से टूटी पड़ी हैं।

**बचत उत्सव अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन**

# जीएसटी में बदलाव से जनता को लाभः बेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि हाल ही में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से अपने संबोधन में यह घोषणा की थी कि दीपावली के अवसर पर देशवासियों को एक बड़ा तोहफा दिया जाएगा। जिसमें जीएसटी की चार स्लैब को घटाकर दो कर दिया गया है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी जीएसटी बचत उत्सव महा अभियान के तहत देर सायं यहां एलआईसी रोड स्थित सैनी धर्मशाला में दुकानदार एवं व्यापारी मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि दुकानदारों, व्यापारियों और आम नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने साकार करने के लिए शुरू हुए अभियान हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के कार्यक्रम पूरे देश में आयोजित किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जीएसटी बचत उत्सव एक बड़ा अभियान है जिसे केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा पूरे देश भर में चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं व्यापारियों और आम नागरिकों को वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी में हुए सुधारों और उससे होने वाले लाभों के प्रति जागरूक करना है।



उपस्थित व्यापारियों व दुकानदारों को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी।

#### ये रहे मौजूद

कहा कि यह अभियान सिर्फ एक औपचारिकता नहीं बल्कि उपभोक्ताओं को जागरूक करने और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आगे भी लगातार आयोजित किए जाएंगे ताकि देश का हर वर्ग सरकार की योजनाओं और बदलावों से सीधे जुड़ सके और उन्हें बेहतर तरीके से समझ सके। इस मौके पर दिनेश गोयल, सत्यवान शर्मा, सुरेंद्र प्रजापति सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### युवती को चंडीगढ़ ले जा किया सामूहिक दुष्कर्म

**जींद।** सदर थाना सफीदों इलाके गांव की युवती को घुमाने के बहाने चंडीगढ़ ले जा, नशीला पदार्थ देकर सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर पंजाब के तीन युवकों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म करने, नशीला पदार्थ देने, छह पाक्सो एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। सदर थाना इलाका गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव मरोडी जिला पटियाला पंजाब निवासी गोबिंद, सिंधा तथा काला उसकी रिश्तेदारी में है। गत 25 सितंबर को तीनों आरोपित उसके घर आए और उसकी बेटी को चंडीगढ़ घुमाने की बात कह कर अपने साथ ले गए। रिश्तेदारी होने के कारण उसने विश्वास कर अपनी बेटी को आरोपितो के साथ भेज दिया।



# बाहुबलीः द एपिक 31 को होगी रिलीज

**मुंबई।** बाहुबली भारतीय सिनेमा की एक कल्ट फ्रेंचाइजी है, जिसकी दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। बाहुबलीः द बिगनिंग और बाहुबली 2ः द कन्क्लूजन दोनों ही फिल्में आज भी दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। अब निर्देशक एसएस राजामौली 'बाहुबलीः द एपिक' लेकर आ रहे हैं, जो 31 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। बाहुबली के निर्माता शोबू यार्लागड्डा ने बताया कि यह किरदार शुरू से ही प्रभास को ध्यान में रखकर लिखा गया था और किसी अन्य अभिनेता को कोई ऑडिशन या प्रस्ताव नहीं दिया गया था। यह एक ऐसा खुलासा है जो उन फैंस को आश्चर्यचकित कर सकता है।

## लाइफ Style

# नोरा

## 'दिलबर की' में जबरदस्त डांस मूव्स



फिल्म 'थामा' का नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज हो चुका है। इस गाने में नोरा फतेही ने जबरदस्त डांस मूव्स से फैंस का दिल जीत लिया है। रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'थामा' का हाल ही में गाना 'तुम मेरे न हुए' रिलीज हुआ था। वहीं, मंगलवार को निर्माताओं ने फिल्म का एक नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मंगलवार को मैडॉक फिल्म्स ने अगामी फिल्म 'थामा' का एक नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर दिया है। इस गाने के आने से साफ हो गया है कि अब नोरा फतेही भी मैडॉक्स हॉरर फिल्म का हिस्सा बन गई हैं। 'थामा' फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस गाने के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'दिवाली और भी ज्यादा गरम हो गई। 21 अक्टूबर को, दुनिया भर के सिनेमाघरों में थामा के साथ एक खूनी प्रेम कहानी लेकर आ रहा है।' नोरा फतेही के जबरदस्त डांस मूव्स पर कई फैंस ने कमेंट कर अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'हे भगवान सच में फिर से आग लग गई', एक और फैन ने लिखा, 'रानी वापस आ गई है ', तो वहीं कई फैंस ने नोरा के इस डांस को तमन्ना भाटिया के डांस से कंपेयर किया है। एक फैन ने लिखा, 'वही डांस, वही मूव्स, वही एक्सप्रेशन, वही कपड़े सब कुछ एक जैसा'। एक फैन ने लिखा, 'धमाकेदार', एक और फैन ने लिखा, 'नोरा का हर कदम आग।' फिल्म 'थामा' एक रोमांटिक कॉमेडी हॉरर प्रेम कहानी है। इसका निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।

## हॉलीवुड मसाला



# जेम्स के पोस्टर्स से की छेड़छाड़

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड से चौंका देने वाली खबर सामने आ रही है। अमेजन प्राइम वीडियो ने हाल ही में जेम्स बॉन्ड की क्लासिक फिल्मों के पोस्टर्स से गन यानी बंदूकें हटा दी हैं। यह बदलाव देखने के बाद सोशल मीडिया पर फैन्स ने गुस्सा जाहिर किया और कहा कि यह संस्कृति के प्रतीक के साथ खिलवाड़ है। पिछले हफ्ते अमेजन प्राइम वीडियो यूके ने अपनी वेबसाइट पर जेम्स बॉन्ड सीरीज की नई प्रमोशनल पोस्टर इमेजेस रिलीज की थीं।



# बॉक्स ऑफिस रिजल्ट्स पर हमारा कंट्रोल नहीं होता...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के सुपरस्टार ड्वेन जॉनसन के फैंस को उनकी नई फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' से काफी उम्मीदें थीं। लेकिन, ओपनिंग वीकेंड पर यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर वह कमाल नहीं दिखा पाई जिसकी उम्मीद की जा रही थी। लगभग 50 मिलियन डॉलर यानी 415 करोड़ के बजट में बनी इस खेल-आधारित ड्रामा फिल्म ने पहले तीन दिनों में सिर्फ 6 मिलियन डॉलर यानी 4.98 करोड़ की कमाई की। । बॉक्स ऑफिस के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद ड्वेन जॉनसन ने अपने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा- 'दिल की गहराइयों से धन्यवाद उन सभी को जिन्होंने 'द स्मैशिंग मशीन'देखी। बॉक्स ऑफिस रिजल्ट्स पर हमारा कंट्रोल नहीं होता, लेकिन हम अपने परफॉर्मेंस पर पूरा भरोसा रख सकते हैं। इस किरदार को निभाना मेरे लिए एक जीवन-परिवर्तनकारी अनुभव रहा।'



# मिर्जापुरः द फिल्म की शूटिंग शुरू की

**मुंबई।** अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने वेब सीरीज 'मिर्जापुर' पर बनी फिल्म 'मिर्जापुरः द फिल्म' की शूटिंग शुरू कर दी है। वे इसमें अपनी पॉपुलर भूमिका गजगामिनी 'गोलू' गुप्ता के रूप में लौट रही हैं। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी। पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु शर्मा भी अपनी भूमिकाओं में वापस आ रहे हैं। श्वेता ने 'मिर्जापुरः द फिल्म' को लेकर कहा, 'गोलू मेरे लिए सिर्फ एक किरदार नहीं, बल्कि साल से मेरी जिंदगी का साथी है। बड़े पर्दे पर उसका सफर देखना कमाल का और सपने जैसा लग रहा है।' श्वेता वाराणसी को अपना 'दूसरा घर' मानती हैं। उन्होंने बताया कि उनके कॅरियर के कई प्रोजेक्ट इस शहर से जुड़े हैं, जैसे नीरज घायवान की फिल्म मसान, शो एस्केप लाइव और कालकूट। श्वेता ने कहा, यह शहर मुझे हमेशा बुलाता है।



# हैवान में निगेटिव रोल में आएंगे नजर

**मुंबई।** मंगलवार को अक्षय कुमार फिक्की फ्रेम्स 2025 कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उन्होंने साइबर क्राइम जैसी बातों को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लंबी चर्चा की। इसी दौरान अपनी फिल्म 'हैवान' को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री से सलाह मांगी। साथ ही अपने किरदार का जिक्र भी कर दिया। कार्यक्रम में अक्षय ने कहा, 'मैं एक ऐसी फिल्म कर रहा हूं, जिसमें निगेटिव रोल निभा रहा हूं। मैं सोच रहा था कि मुझे यह करना चाहिए या नहीं। फिल्म का नाम 'हैवान'है। लेकिन, अंत में मैं हार जाता हूं। हैवान हार जाता है। इस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अक्षय कुमार को सपोर्ट किया और कहा, 'हां, आपको यह रोल जरूर करना चाहिए। आप जैसे मल्टी टैलेंटेड एक्टर को हर तरह के रोल निभाने चाहिए।

## टीवी मसाला



# जावेद अख्तर ने बिग बी को राज खोलने से रोका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो कौन बनेगा करोड़पति का नया प्रोमो सामने आया है। इसमें लेखक जावेद अख्तर और उनके बेटे फरहान अख्तर नजर आ रहे हैं। इस नए प्रोमो में बिग बी, जावेद अख्तर के बारे में कुछ मजेदार राज बता रहे हैं। साथ ही फरहान के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में भी कुछ कहते दिखाई दे रहे हैं। प्रोमो की शुरुआत में फरहान और जावेद अख्तर, बिग बी को केक काटकर खिलाते हुए दिख रहे हैं, क्योंकि 11 अक्टूबर को अमिताभ का जन्मदिन है। इसके बाद बिग बी ने फरहान के साथ की गई 'लक्ष्य' फिल्म का अनुभव बताया। उन्होंने कहा, 'रात को ये हमारे कमरे में आए। अमिताभ अंकल, क्या आपको कोई दिक्कत हो रही है? पहली बार लगा कि मैं एक नौसिखिया ही हूं और ये उस्ताद बैठा हुआ जो कह रहा है देखो बेटा हम तुमको बताते हैं कैसे एक्टिंग करनी चाहिए।' इसके बाद सभी आश्चर्य होकर हंसने लगते हैं। आगे प्रोमो में फरहान, जावेद अख्तर और अमिताभ बच्चन से कहते हैं कि वो दोनों एक-दूसरे के बारे में कोई एक गुण बताएं। इस पर जावेद ने कहा, वह इंडस्ट्री में इतने सारे गुणों वाले इकलौते इंसान हैं, जो मैंने अब तक देखा है। फिर फरहान पूछते हैं कि दोनों में से महिलाओं के बीच कौन ज्यादा लोकप्रिय था। इसके जवाब में जावेद थोड़ा हिचकिचाते हैं, लेकिन बिग बी उनकी ओर इशारा करते हुए बताते हैं कि जावेद ही वो शख्स हैं जिन्हें महिलाएं ज्यादा पसंद करती हैं। उन्होंने आगे कहा, 'मैं बताऊं आपको' जिस पर जावेद तुरंत बीच में ही टोकते हैं, 'सब मत बताइएगा।'

## टास्क के बाद फूट-फूटकर रोईं तान्या

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 में मालती चाहर ने आते ही तान्या मित्तल को आईना दिखा दिया था। एक्ट्रेस ने तान्या मित्तल को बताया कि



बाहर उसके बारे में किस तरह का माहौल बन रहा है। लोगों को उसकी कही बातों पर बिल्कुल भी यकीन नहीं है। लेकिन, मालती की बातों को तान्या ने बिल्कुल भी गंभीरता से नहीं लिया। फिर एक टास्क के दौरान मालती ने ऐसी हरकत की कि तान्या रोने लगी। बाद में शो के बाकी प्रतियोगियों को मालती ने तान्या के बारे में काफी सारी बातें बताईं। जिन्हें सुनकर सब हैरान हो गए। बिग बॉस 19 के हालिया रिलीज प्रोमो में घर में एक टास्क चल रहा है, जिसे मालती चाहर लीड कर रही हैं। वह तान्या को स्विमिंग पुल में धक्का देती हैं। तान्या वहां से बाहर आने के बाद वॉशरूम में जाकर बहुत देर तक, फूट-फूटकर रोती हुईं नजर आती हैं। मातली आकर पूछती है, क्या हुआ? तान्या कहती है, मैं तुम्हारी वजह से रो नहीं रही हूं।

# ऐश्वर्या ने शेयर कीं पेरिस फैशन वीक की शानदार तस्वीरें



**पेरिस।** ऐश्वर्या राय बच्चन ने मंगलवार को पेरिस फैशन वीक 2025 में सितारों के साथ शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। उन्होंने सौशल मीडिया हैंडल पर बैकस्टेज की दो कमाल की ग्रुप फोटो शेयर कीं, जिनमें हॉलीवुड और फैशन की बड़ी हस्तियां नजर आ रही हैं। पहली तस्वीर में ऐश्वर्या काले रंग के स्टाइलिश कपड़ों में हेडी क्लम, वियोला डेविस, केंडल जेनर, एले फैनिंग, ईवा लोंगोरिया, एंडी मैकडॉवेल, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग जैसे सितारों के बीच खड़ी हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर एक सीढ़ी पर ली गई है, जहां सभी सितारे अपने-अपने ग्लैमरस कपड़ों में पोज दे रही हैं। यहां कैमिला कैबेलो, वियोला डेविस, एंडी मैकडॉवेल, हेडी क्लम, ईवा लोंगोरिया, एले फैनिंग, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग दिखीं। यह इवेंट लोरियल का सालाना रनवे शो 'ले डेफिले 2025' था, जो सौंदर्य और महिलाओं की ताकत पर जोर देता है। ऐश्वर्या ने एक और पोस्ट में वीडियो शेयर किया, जिसमें वे डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के हीरों वाली ड्रेस में कमाल लग रही हैं। वीडियो में वे सिमोन एश्ले (ब्रिजर्टन स्टार) से बात करती नजर आईं। उनकी बेटी आराध्या भी साथ थीं। मां-बेटी की जोड़ी सेल्फी लेती, हंसती और मजे करती दिखी।

# सिग्नल पर भीख मांगती थी फिल्मों की ये साइड एक्ट्रेस अनिल, आमिर की फिल्मों में किया था शानदार काम



**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्मों में कई ऐसे साइड किरदार नजर आए होंगे जो आपको पसंद तो बहुत हैं, लेकिन उनके बारे में कम ही जानकारी मौजूद है। ऐसी ही एक करैक्टर आर्टिस्ट थीं मिस मिमी। इन्हें आपने 90 के दशक की कई फिल्मों में अपने बढे हुए वजन के साथ देखा होगा। मिस मिमी कोई एक्टर नहीं थीं, बल्कि सिग्नल पर भीख मांगने वाली एक ऐसी लड़की थी जिसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। सिग्नल से फिल्मों तक का सफर किसी चमत्कार से कम नहीं था।

### आमिर की फिल्म से शुरुआत

आमिर खान और माधुरी दीक्षित की फिल्म दिल तो आपको याद ही होगी। इस फिल्म में एक बॉक्सिंग मुकाबले का सीन आता है, जहां आदिल ईरानी हार जाते हैं। उस हार के पेनल्टी के रूप में मिस मिमी उन्हें किस करती हैं। उसी एक सीन ने उन्हें नाम दिया मिस मिमी। इस बारे में एक इंटरव्यू में आदिल ईरानी ने बताया कि मिस मिमी को उन्होंने सड़क पर एक भिखारिन के रूप में देखा था, तब उनके भाई इंदर कुमार ऐसा लुक ढूंढ रहे थे। और उसी से इंस्पायर्ड होकर उन्होंने उस लड़की को दिल फिल्म में छोटा रोल दिया और एक्टिंग करवाई।

### मुंह से आती थी बदबू

आदिल ने कहा कि उस किस सीन में जब मिस मिमी अपना चेहरा उनके करीब ले जाती हैं, तो उनके मुंह से बदबू आ रही थी। मिस मिमी के मुंह से आने वाली उस बदबू ने उन्हें अजीब महसूस कराया। बाद में कहा जाता है कि मिस मिमी ने बेटा और दिलजले जैसी फिल्मों में भी काम किया। लेकिन, मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ न होने के कारण, वो जो कुछ भी मिल जाता, वही खा लेती थीं। इस वजह से एक दिन उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बुरी तरह बीमार हो गईं। रिपोर्ट ये भी हैं कि मिस मिमी का एक्सीडेंट हो गया था।

## करवा चौथ का त्योहार हर साल पति-पत्नी के रिश्ते को बनाता है मजबूत

# इस साल ये जोड़ियां मनाएंगी अपना पहला करवा चौथ

***नई दिल्ली।*** *करवा चौथ का त्योहार हर साल पति-पत्नी के रिश्ते को और मजबूत बनाता है। इस बार कई नई शादीशुदा जोड़ियां अपना पहला करवा चौथ धूमधाम से मनाएंगी। ये जोड़ियां न केवल अपने रिश्ते को नया रंग देंगी, बल्कि फैंस के लिए भी यह त्योहार खास बन जाएगा। करवा चौथ की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ ये टीवी सेलेब्स भी करवा चौथ का जश्न मनाएंगे।*



### अरमान मलिक और आशना श्रॉफ

मशहूर सिंगर अरमान मलिक ने हाल ही में आशना श्रॉफ से शादी की है। यह उनका पहला करवा चौथ होगा, जो काफी खास होने वाला है। 2019 से एक-दूसरे को डेट करने के बाद अरमान मलिक और आशना श्रॉफ ने 2 जनवरी, 2025 को शादी की थी। दानों ने इंस्टाग्राम पर 'तू ही मेरा घर' के खास कैप्शन के साथ अपनी शादी की तस्वीरें शेयर की थीं। अरमान मलिक एक मशहूर बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर हैं, जबकि आशना श्रॉफ एक भारतीय फैशन और ब्यूटी ब्लॉगर, यूट्यूबर और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं।



### अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर

अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर ने हाल ही में सगाई की है, जिसकी शानदार तस्वीरे अभी भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर की बहन अंशुला ने 2 अक्टूबर को रोहन से सगाई की है। हो सकता है कि अंशुला सगाई के बाद रोहन के लिए करवाचौथ का व्रत रखें।



### अविका गौर और मिलिंद चंदवानी

टीवी सीरियल 'बालिका वधु' से घर-घर प्रसिद्ध हुईं अविका गौर ने हाल ही में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड मिलिंद चंदवानी से शादी की है। उनकी शादी 'पति पत्नी और पंगा' के सेट पर हुई थी। यह अविका का पहला करवा चौथ होगा। अविका ने 'ससुराल सिमर का' समेत कई हिट शोज और वेब सीरीज में अभिनय किया है।

***झील मेहता और आदित्य दुबे*** *: अभिनेत्री झील मेहता ने आदित्य दुबे से विवाह किया है। नई दुल्हन झील इस त्योहार को पति के लिए व्रत रखकर सेलिब्रेट कर सकती हैं। झील मेहता ने अपने लंबे समय के साथी आदित्य दुबे से शादी की है। उन्होंने दिसंबर 2024 में भव्य शादी की थी। फिर फरवरी 2025 में अपनी कानूनी शादी (रजिस्ट्री) पूरी की। अभिनेत्री झील मेहता 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सोनू के किरदार के लिए मशहूर हैं।*

## खबर संक्षेप

### पंद्रह लाख रुपये हड़पने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने गाड़ियों को किराये पर ले फर्जी दस्तावेज तैयार करवा साढ़े 15 लाख रुपये फाइनेंस करवा राशि हडपने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सफीदों रोड जवाहर नगर निवासी संजय ने गत पांच सितंबर को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह गाडियां किराये पर देता है।

### एक पेड़ मां के नाम छात्रों ने किया पौधारोपण

**जींद।** आर्य स्कूल अहिरका के एनसीसी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने ग्रीनिंग इंडिया वेस्टलैंड के तहत स्कूल के पास की जमीन में पौधारोपण किया। प्रबंधक वजीर ने कहा कि पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से जूझ रहा हैं जिससे बचने का आसान व असरदार तरीका वृक्षारोपण हैं। इसी बात को ध्यान में रखते आज ग्रीनिंग इंडिया वेस्टलैंड के अंतर्गत बच्चों ने विद्यालय के पास के ही खाली मैदान और अहिरका व कैरखेड़ी गांव में पौधारोपण किया है।

### पिता की पुण्य तिथि पर गायों को डाला हरा चारा

**उचाना।** उचाना क्षेत्र के प्रमुख समाज सेवी रहे एवं गौभक्त गंगादत्त शर्मा की पहली पुण्य तिथि पर उनके परिवार वालों ने उचाना खुर्द गौशाला में गायों को हरा चारा, गुड़ डाल कर मनाया। कर्मचंद शर्मा ने कहा कि उनके पिता निरंतर समाज सेवा में अग्रणी रहने के साथ-साथ गायों की सेवा के लिए भी अग्रणी रहते थे। आज उनके विचारों को उनका परिवार आगे बढ़ा रहा है।

### मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की कोशिश की निंदा

**जींद।** जन संघर्ष मंच हरियाणा ने सुप्रीम कोर्ट में भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर एक वकील राकेश किशोर द्वारा जूता फेंकने की कोशिश करने की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। मंच ने हिंसक और अशोभनीय घटना का होना गहरी चिंता का विषय है। जन संघर्ष मंच हरियाणा का स्पष्ट मत है कि धार्मिक भावनाओं के आहत होने के नाम पर संस्थाओं को धमकाने और उन पर हमला करने की यह प्रवृत्ति दर्शाती है।

### जींद में 16,490 मीट्रिक टन धान की खरीद पूर्ण

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत जिले की विभिन्न मंडियों में धान की आवक एवं खरीद कार्य सुचारू रूप से जारी है। गत दिवस तक जिले की मंडियों में कुल 16,490 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक खरीद नरवाना मंडी में हुई है।

### बाइक चोरी मामले में बेल जंपर आरोपी काबू

**कैथल।** पीओ स्टाफ के एएसआई रणदेव सिंह द्वारा उद्धघोषित अपराधी गांव बरसाना निवासी अंकित को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी पर 25 जून 2020 को अनाज मंडी पूंडरी से एक बाइक चोरी करने का आरोप है। जिस बारे थाना पूंडरी में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी को पुलिस द्वारा उक्त मामले में गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया था।

### चलाया जा रहा विशेष जागरूकता अभियान

**गुहला-चीका।** गुहला क्षेत्र में डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते स्वास्थ्य विभाग ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। सरकारी अस्पताल गुहला के डॉक्टर तेजेन्द्र ने बताया कि लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है और व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की 50 टीमों को गांव और शहरों में घर-घर भेजा गया है।

### पात्र महिलाएं मोबाइल एप से करें आवेदन

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि मुख्यमंत्री सैनी ने बीती 25 सितंबर को दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना शुरू की है। इसके साथ ही आवेदन के लिए एक एप भी लॉन्च की हुई है। एक लाख से कम आय वाले परिवार की महिलाओं को योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए पात्र महिलाएं जरूरी कागजात को पूरे कर जल्दी आवेदन करें।

*जीर्णोद्धार कार्य के चलते मजदूरों ने एक साथ तोड़े शौचालय*

# नागरिक अस्पताल में शौचालय हुए बंद, बढ़ी मरीजों की परेशानी

*शव गृह के पास 11 लाख से बने शौचालय पर भी ताला*

नही रही नागरिक अस्पताल में शौच करने की जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में ठेकेदार कारिंदों द्वारा पुरानी बिल्डिंग में जीर्णोद्धार के कार्य के चलते एक साथ सभी शौचालयों को उखाड़ दिया है। जिससे उपचार के लिए आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों खासकर महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस लापरवाही के कारण पुरानी बिल्डिंग में एमरजेंसी के पास एक भी शौचालय खुला नही है। वहीं शव गृह के पास बनाए गए शौचालय पर तो ताले लटके हुए हैं। ऐसे में मरीजों को शौच के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में 15.90 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। इस दौरान मजदूरों ने सभी शौचालयों को एक साथ तोड़ दिया। जिससे शौच करने की कोई जगह नही बची है।

**जीर्णोद्धार का कार्य जारी**



### उपयोग लायक नही

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में करोड़ों रुपये की लागत से इमारतें तो बना दी गई हैं लेकिन मरीजों को शौचालय की मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए बनाए गए शौचालय की व्यवस्था नही हो पा रही है। शव गृह के पास ही वर्ष 2011 में 11 लाख रुपये की लागत से महिला व पुरूष के लिए अलग-अलग शौचालय बनवाया गया था। शुरू में तो इस शौचालय का रखरखाव ठीक से रखा गया। फिर इसे बंद कर दिया गया। बाद में आमजन के दबाव में इसे खोला भी गया लेकिन अब इस शौचालय की व्यवस्था ठीक से न होने के चलते यह उपयोग लायक भी नही है। इस समय इस शौचालय पर ताले लटके हुए हैं।

### शौचालयों का बुरा हाल

नागरिक अस्पताल में आए रवि, सुनील, विजेंद्र ने बताया कि शव गृह के पास बनाए गए शौचालय व्यवस्था का जनाजा निकला हुआ है। पुरानी बिल्डिंग में ही इमरजेंसी वार्ड व लैब भी है। रात के समय आपातकालीन स्थिति में मरीज व उनके परिजनों को इमरजेंसी वार्ड में रूकना पड़ता है। वहीं लैब में मरीजों के सैंपल लेकर जांच होती है। ऐसे में यहां मरीजों की भीड़ रहती है। मरीजों का कहना है कि शौचालयों में साफ.-सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए।

### असुरक्षा का करना पड़ रहा सामना

जो अस्पताल आने वाले लोगों की मुश्किलें और बढ़ा रहा है। महिलाएं इस स्थिति से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। क्योंकि वैकल्पिक व्यवस्था की कमी के कारण उन्हें असुविधा और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। उपचार के लिए आए मरीज के परिजन राजेश ने बताया कि वो अस्पताल में इलाज के लिए आए हैं लेकिन बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। महिलाओं को तो और भी दिक्कत हो रही है। प्रशासन को पहले से वैकल्पिक शौचालय की व्यवस्था करनी चाहिए थी। अस्पताल में रोजाना सैंकड़ों मरीज आते हैं और शौचालयों की कमी से स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम भी बढ़ गए हैं।

### बारिश ने खोली पोल

जिला मुख्यालय पर 1975 में नागरिक अस्पताल की शुरूआत हुई थी। तब यह मात्र सौ बैड का था। इसके बाद नई बिल्डिंग बनी और यह 200 बैड का अस्पताल हो गया। 100 बैड पुरानी बिल्डिंग में और 100 बैड नई बिल्डिंग में हैं। पुरानी बिल्डिंग की बात की जाए तो पहले भी इस पर करोडों खर्च किए जा चुके हैं। हर बारिश में बिल्डिंग जगह-जगह से टपकने लगती है। इसके अलावा इस बिल्डिंग में सीवरेज की सबसे बड़ी समस्या है। बिल्डिंग में फायर सिस्टम नही है और अंडरग्राउंड सिस्टम इंस्टॉल करना आसान नही है। इसके साथ बिल्डिंग 50 साल पुराने नक्शे के आधार पर बनी है।

### मामला संज्ञान में

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि शौचालय व्यवस्था को लेकर मामला संज्ञान में आया है। जल्द ही शौचालयों को ठीक करवा दिया जाएगा। वहीं शव गृह के पास शौचालय एडीसी कार्यालय की ओर से बनवाया गया है। शौचालय को लेकर संबंधित विभाग से पत्राचार किया गया है। प्रयास किया जाएगा कि शौचालय को ठीक करवाया जाए। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में अन्य शौचालयों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाया जा रहा है। इसके लिए सफाई कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं ताकि आमजन को किसी तरह की परेशानी न हो।

# कैथल: जाट स्कूल के खिलाड़ी चमके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कैथल के खिलाड़ियों ने 58वीं राज्य स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता 3 से 5 अक्टूबर तक कैथल में आयोजित की गई थी। विद्यालय के आर्ट संकाय के विद्यार्थियों विनीत और मोहित ने अंडर-19 वर्ग की जूडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते स्वर्ण पदक हासिल किए। उल्लेखनीय यह है कि इन दोनों होनहार खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तरीय जूडो प्रतियोगिता हेतु किया है खिलाड़ी राज्य का प्रतिनिधि करेंगे।



जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कैथल के खिलाड़ियों को सम्मानित करते पदाधिकारी

### ये रहे मौजूद

गौरवपूर्ण उपलब्धि पर जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव रश्मि दुल तथा कोषाध्यक्ष बलकार नैन ने दोनों विजेता खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप ₹5100/- की राशि देने की घोषणा की। प्रबंधन समिति के सदस्यों ने दोनों छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और उनके स्वर्णिम प्रदर्शन पर हार्दिक बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने खिलाड़ियों को खेलों का महत्व बताते कहा कि विनीत और मोहित जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी विद्यालय ही नहीं, बल्कि जिले और प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर भी रोशन करेंगे। कार्यकारिणी सदस्य डा.सत्यवान माजरा, दलबीर कैरो महावीर राविश, राजपाल गुहणा, सनी चौशाला, महावीर कुंडू, विक्रम सोंगल, कुलदीप सिंह,रजत रापड़िया, स्वतंत्रपाल सिंह,, जसवीर मानस आदि मौजूद रहे।



विधायक आदित्य सुरजेवाला मोबाइल अस्पताल को रवाना करते हुए

### मेडिकल वैन को दिखाई झंडी

**कैथल।** हरियाणा के कैथल विधानसभा क्षेत्र में जनसेवा को नई ऊंचाइयों पर ले जाते विधायक आदित्य सुरजेवाला ने एक अनोखी पहल शुरू की है। महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर "आदित्य सुरजेवाला चलता फिरता अस्तपाल" नामक निःशुल्क मेडिकल वैन की आज गांव उझाना से शुरुआत की गई। जो कैथल हल्के के हर कोने तक पहुंचकर लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगी। इस वैन में विभिन्न मेडिकल टेस्ट, जांच और दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। डॉक्टर महिन्द्र सिंह शाह के सहयोग से एमबीबीएस डॉक्टर और स्टाफ की सहायता का योगदान भी विधायक आदित्य सुरजेवाला को मिला। विधायक आदित्य सुरजेवाला, सुदीप सुरजेवाला, डॉ विक्रम शाह ने किसान भवन से मेडिकल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

आदित्य सुरजेवाला जनसेवा के प्रति हमेशा समर्पित रहे हैं। उन्होंने इस पहल को 'जनता का अस्पताल' बताते कहा कि स्वास्थ्य हर नागरिक का मौलिक अधिकार है।

### सोशल मीडिया विज्ञापनों से सावधान रहें: उपासना

**कैथल।** कैथल पुलिस द्वारा नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के लिए निरंतर जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में एसपी उपासना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलने वाले भ्रामक विज्ञापनों के जरिये की जा रही ऑनलाइन ठगी को लेकर नागरिकों को जागरूक रहने की सलाह दी है। हाल के समय में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें फेसबुक, इंस्टाग्राम या अन्य सोशल मीडिया साइट्स पर आकर्षक ऑफर के नाम पर लोगों से ठगी की गई है। एसपी उपासना ने बताया कि साइबर अपराधी अब पारंपरिक तरीकों की बजाय सोशल मीडिया विज्ञापनों को ठगी का नया हथियार बना रहे हैं। अपराधी फर्जी कंपनियों के नाम से अत्यधिक सस्ते दामों पर महंगे प्रोडक्ट्स जैसे मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक सामान, कपड़े, फर्नीचर, घरेलू वस्तुएं या अन्य आकर्षक प्रोडक्ट्स के विज्ञापन डालते हैं।

### मार्केट में लगाया कढ़ी-चावल का भंडारा

**कैथल।** माल गोदाम रोड स्थित हनुमान मार्किट में संकट मोचन भगवान हनुमान की प्रतिमा के पास हनुमान मार्किट के दुकानदारों के सहयोग से शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में 12वां कढ़ी-चावल भंडारा लगाया गया। भंडारे का शुभारंभ मार्किट कमेटी कैथल के चेयरमैन सतीश शर्मा ने भगवान हनुमान सहित समस्त देवी-देवताओं पर प्रसाद चढ़ाकर किया। भंडारे में एक हजार भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के सदस्यों ने बताया कि संकट मोचन हनुमान भंडारा समिति प्रति माह प्रत्येक पूर्णिमा को इस भंडारे का आयोजन करती है। अब अगला 13वां भंडारा 5 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय हिंदू महासंघ के अध्यक्ष सतपाल गुप्ता ने कहा कि यह हमारे लिए परम सौभाग्य की बात है कि हम इस आयोजन का हिस्सा हैं। ऐसे धार्मिक आयोजनों से न केवल आस्था बढ़ती है।



कैथल। भंडारे में प्रसाद लेते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि



उचाना। अतिरिक्त मंडी में धरना दे रहे किसान संगठन। फोटो :हरिभूमि

### नमी के नाम पर कटौती का आरोप

**उचाना।** पीआर धान की खरीद में नमी के नाम पर कटौती के आरोप लगाते लगातार दूसरे दिन भी धरना अतिरिक्त मंडी में जारी रहा। पूर्व मंडी प्रधान बलराज श्योकंद दूसरे दिन भी अनशन पर रहे। किसान सभा के राज्य प्रधान मा. बलबीर सिंह, खटकड़ खाप के उप प्रधान लीला छापड़ा, बीकेयू (घासीराम नैन) ब्लॉक प्रधान राममेहर ने धरने पर पहुंच कर समर्थन दिया। आजाद पालवां ने कहा कि नमी के नाम पर किसानों को तंग कर कम भाव दिए जा रहे है। किसान मेहनत करके फसल का उत्पादन करता है। जब मंडी में फसल बेचने आता है तो उसकी फसल के जो भाव सरकार द्वारा तय किए गए है वो भी उसे नहीं मिलते है। किसानों को एमएसपी पीआर धान का नहीं मिल रहा है। नमी के नाम पर किसानों को परेशान किया जा रहा है। किसान कम भाव पर अपनी फसल को बेच रहे है। डीसी जींद को चाहिए कि वो खुद मंडियों का दौरा कर किसान संगठनों, आढ़तियों से बातचीत कर जो खरीद हो रही है उसकी जांच करवाए।

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत चलाया सफाई अभियान

**जुलाना।** मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालयए जुलाना में राष्ट्रीय सेवा योजना क्लब द्वारा एक स्वच्छ भारत मिशन के तहत महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के मुख्य द्वार से लेकर नए बस स्टैंड तक सफाई की गई ताकि विद्यार्थियों का आने जाने का रास्ता सुगम हो सके। इस अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उन्होंने इस बात को समझा कि विद्यार्थियों के आने जाने के रास्ते की सफाई करना बहुत ही जरूरी कार्य है ताकि किसी भी विद्यार्थी को आने-जाने के रास्ते मे कोई समस्या न आये। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. शमशेर सिंह ने इस अभियान में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों और क्लब के सदस्यों की सराहना की। कहा कि अपने महाविद्यालय व अपने विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ और सुगम मार्ग बनाना अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि स्वच्छ परिसर और स्वच्छ मार्ग एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं।



जुलाना। स्वच्छता अभियान चलाए स्वयंसेवक। फोटो :हरिभूमि



उचाना। पुरानी मंडी में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम। फोटो :हरिभूमि

### चेयरमैन, वाइस चेयरमैन का किया अभिनंदन

**उचाना।** पुरानी मंडी में अग्रवाल जनहित द्वारा मार्केट कमेटी चेयरमैन बने सुरेंद्र खरकभूरा, वाइस चेयरमैन प्रवीण गर्ग का अभिनंदन किया। अध्यक्षता पार्षद पंकज करसिंधु ने की। संचालन समिति के संस्थापक रामनिवास करसिंधु ने किया। मुख्य रूप से उचाना मंडलध्यक्ष सतीश जांगडा पहुंचे। सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि जो सम्मान दिया गया है उस सम्मान को वो कम नहीं होने देंगे। किसान, आढ़ती, मजदूर के हित में निरंतर कार्य किए जाएंगे। सरकार निरंतर किसान, आढ़ती, मजदूर के हित में कार्य कर रही है। किसी तरह की परेशान फसल के बेचने से लेकर अन्य मंडी में मिलने वाली सुविधाओं में नहीं आने दी जाएगी।



जींद। यूनिट का भ्रमण करने के लिए पहुंची छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### छात्राओं को करवाया पानीपत यूनिट का दौरा

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा औद्योगिक एवं मनोरंजनात्मक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। भ्रमण में वाणिज्य विभाग की स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। औद्योगिक भ्रमण के अंतर्गत छात्राओं को लविश पानीपत यूनिट का दौरा करवाया। विभागाध्यक्ष डा. उपासना ने बताया कि भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ कार्य के व्यवहारिक पक्षों से भी अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने धागा निर्माण की विभिन्न प्रक्रियाओं जैसे फाइबर चयन, स्पिनिंग, डाइंग एवं पैकेजिंगकृका निकट से अवलोकन किया। इस अनुभव से उन्हें उत्पादन प्रणाली तथा औद्योगिक प्रबंधन की व्यावहारिक समझ प्राप्त हुई। भ्रमण के दूसरे चरण में छात्राएं चुलकाना धाम श्री श्याम बाबा मंदिर पहुंची। जहां उन्होंने भक्ति भाव से दर्शन किए और आध्यात्मिक वातावरण का आनंद लिया। इसके पश्चात छात्राओं ने नेचर लवर रिजॉर्ट विला में स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया तथा वहां के सुंदर प्राकृतिक एवं शांत वातावरण में विश्राम किया।

# प्राचीन श्री भवानी मंदिर में बनेगा भव्य शेड, भूमि पूजन के साथ कार्य प्रारंभ

- सांसद नवीन जिंदल ने दिए 11 लाख रुपये,100x50 फीट का बनेगा शेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

चीका के प्रसिद्ध श्री भवानी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा और धार्मिक आयोजनों के दौरान मौसम से बचाव को ध्यान में रखते भव्य शेड का निर्माण शुरू कर दिया गया है। मंगलवार को एसडी सभा के प्रधान राजीव शर्मा की अगुवाई में विधिवत भूमि पूजन कर कार्य की शुरुआत की। प्रधान राजीव शर्मा ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल द्वारा इस नेक कार्य हेतु 11 लाख रुपये मंदिर कमेटी को भेजे गए हैं।



गुहला-चीका। एसडी सभा के प्रधान राजीव शर्मा के साथ अन्य गणमान्य लोग।

### ये रहे मौजूद

यह शेड 100 फीट लंबा व 50 फीट चौड़ा होगा, जो सांसद के सहयोग से तैयार किया जा रहा है। इस शेड के निर्माण से मंदिर परिसर की शोभा बढ़ेगी और साथ ही धूप व बारिश में भी भक्तजन आसानी से धार्मिक आयोजनों में भाग ले सकेंगे। भूमि पूजन कार्यक्रम में आदर्श नाटक क्लब के प्रधान बलबीर सैनी, श्री भवानी सेवा समिति प्रधान कुलदीप माजरा, चेयरमैन मोती राम गर्ग, कैशियर कृष्ण धीमान, गणेशदत्त शास्त्री, वैद्य सत्यनारायण, रविदत्त शर्मा, बलवंत सीडा, शिवकुमार मीनू ठेकेदार, बलविंदर सिंह, जसबीर पुनिया, राममेहर कौशिक समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।





नरवाना। कैंप में भाग लेने वाले कैडेट्स को संबोधित करते अधिकारी।

### कैडेट्स का 10 दिवसीय कैंप प्रारंभ

**नरवाना।** 15 हरियाणा बटालियन एनसीसी जींद के कैडेटों का 10 दिवसीय एनसीसी कैंप यहां मितासो कॉलेज ऑफ एजुकेशन नरवाना में आयोजित किया जा रहा है। इस कैंप में विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों से आए लगभग 300 कैडेट्स भाग ले रहे हैं। यह कैंप आगामी 15 अक्टूबर तक चलेगा। प्रत्येक दिवस की शुरुआत प्रातःकालीन ड्रिल से की जाती हैए जिसमें सभी कैडेट अनुशासन, तालमेल एवं शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन करते हैं। मंगलवार की प्रातःकालीन सभा में कैंप कमांडेंट द्वारा सभी कैडेटों का स्वागत भाषण दिया गया। इसके पश्चात पीआई स्टाफ ने कैडेटों को मानचित्र की परिभाषा, प्रकार, पारंपरिक चिन्ह, जमीनी क्राफ्ट एवं युद्ध क्राफ्ट के विषय में जानकारी दी। उसके बाद एएनओ, सीटीओ द्वारा कैडेटों को एनसीसी, उसके उद्देश्य, संरचना एवं एनसीसी कैडेट्स के कर्तव्यों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। शाम के सत्र में इंटर कंपनी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनमें पोस्टर मेकिंग और टक ऑफ वार शामिल थी। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से कैडेट्स ने नेतृत्व क्षमता एवं टीम वर्क के महत्व को समझा।

*माता वैष्णवी धाम में शरद पूर्णिमा पर कार्यक्रम का आयोजन*

# शरद पूर्णिमा गोपियों संग श्रीकृष्ण की महारास का महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि ब्रह्म व जीव के मधुर मिलन की पवित्र रात्रि है शरद पूर्णिमा। गोपियों संग श्रीकृष्ण की महारास का महोत्सव है शरद पूर्णिमा। शरद पूर्णिमा की पावन रात्रि में गोपियों ने प्रेम योग के बल पर श्रीकृष्ण के संग नृत्य कर उनको सहज ही में प्राप्त कर लिया था। श्रीकृष्ण के संग नृत्य ही तो महामुक्ति है और यही है भगवत्प्रेम की सर्वोच्च स्थिति। आचार्य पवन शर्मा शरद पूर्णिमा की प्रातः मंगलवार को व कार्तिक महोत्सव के शुभारम्भ पर माता वैष्णवी धाम में आयोजित सत्संग में उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष अपने प्रवचन में व्यक्त किए। आचार्य ने कहा कि श्रीकृष्ण जगत की आत्मा हैं व राधा है आत्माकारवृति और गोपियां हैं आत्माभिमुख वृतियां। इन सभी का रमण ही महारास है। यह महारास शरद पूर्णिमा की रात्रि को घटित हुआ था। इसलिए इसे रास पूर्णिमा भी कहा जाता है। गोपियां भगवान तो नहीं थी किन्तु वे भगवान से भिन्न भी नहीं थी। जो प्रभु सारे जगत को नचाते हैं, वही शरद पूर्णिमा की रात गोपियों के मध्य उनके प्रेम पाष में बंधे नृत्य करते हैं। भगवान षिव भी गोपी का रूप धारण करके इस अद्वितीय महारासलीला का दर्षन करने पहुंचे थे। इसलिए तो भगवान षिव का एकनाम गोपीष्वर महादेव भी है। कहा कि श्रीकृष्ण को पूर्ण काम कहा गया है अर्थात उनके मन में कभी कोई कामना आती ही नहीं और उनका पावन सान्निध्य प्राप्त कर गोपियां भी निष्काम बन गई थी।



जींद। माता वैष्णवी धाम में पूजा करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### खीर का सेवन करने से शरीर निरोग

शरद पूर्णिमा की पावन रात्रि में चंद्रदेव ने अपनी शीतल रश्मियों से प्रकृति को आच्छादित कर पृथ्वी पर अमृतवर्षा की थी। इसी कारण वैष्णवजन इस रात्रि को खीर का प्रसाद बना कर खुले आकाश के नीचे झीने कपड़े से ढ़क कर रख देते हैं। जिससे चंद्रमा की शीतल किरणों के प्रभाव से यह खीर औषधीय गुणों से युक्त होकर अमृत तुल्य बन जाती है। जिसका सेवन करने से शरीर निरोग व मन प्रफुल्लित हो उठता है। शरद पूर्णिमा की रात्रि को चंद्रमा की शीतलता और सुंदरता देखते ही बनती है। क्योंकि इस दिन चंद्रमा पृथ्वी के सबसे अधिक निकट होता है। आचार्य ने कहा कि शरद पूर्णिमा महालक्ष्मी की पूजा का भी पर्व है। ऐसी मान्यता है कि भगवती महालक्ष्मी इस पवित्र रात्रि में पृथ्वी पर भ्रमण करती है। इसलिए इसे कोजागरी पूर्णिमा भी कहा गया है। यदि हमें भी परमात्मा श्रीकृष्ण की महारास में सम्मिलित होना है तो हमें भी गोपियों की भांति अपने अहंभाव का परित्याग कर परमतत्व से जुड़ना होगा। सत्संग में श्रद्धालुओं द्वारा श्री राधा-कृष्ण की आरती उतारी गई व शरद पूर्णिमा के चन्द्रमा की किरणों से सिंचित खीर के प्रसाद का वितरण किया गया।

### यातायात नियमों की जानकारी दी

**नरवाना।** पुलिस अधीक्षक जींद कुलदीप सिंह के कुशल दिशा निर्देशन में नशा मुक्ति टीम द्वारा नोबल अकादमी नरवाना में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर नशा मुक्ति टीम इंचार्ज उप निरीक्षक नरेश कुमार व उनकी टीमए थाना शहर नरवाना के प्रबंधक अफसर मनोज कुमार व अकादमी स्टाफ मौजूद रहा। इस अवसर पर नोबल अकादमी नरवाना में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उप निरीक्षक नरेश कुमार ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता हैए बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है।

**सूचना**

मैं, राजेन्द्र पुत्र लेखा पुत्र हरफुल निवासी गांव अमरावलीखेडा, तहसील सफीदों, जिला जींद बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अजय मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**बोली सूचना**

ग्राम पंचायत खरकां में कंडम घोषित की गई वृदाश्रम की इमारत की बोली 13.10.2025 दिन सोमवार को गांव की बाजीगर चौपाल में सुबह 10 बजे करवाई जाएगी। बोली की शर्तें मौके पर सुना दी जाएगी।

सरपंच : जोनी ग्रोवर
मो. 90341.30427

## खबर संक्षेप



केथल में नशा जागरूकता अभियान के तहत जागरूक करती पुलिस।

### नशे के खिलाफ जन जागरुकता कार्यक्रम जारी

**कैथल।** जिला कैथल पुलिस अधीक्षक उपासना के मार्गदर्शन में "नशा मुक्त हो जिला" विशेष अभियान पूरे जिले में व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस टीमें लगातार गांव-गांव, ढाणियों, चौपालों, शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर लोगों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तारपूर्वक जागरूक कर रही हैं। इस अभियान में गठित पुलिस जागरूकता टीम में एसआई कर्मबीर, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही किस्मत, सोनिया, एसपीओ राजपाल, प्रदीप कुमार, गुरविंद्र सिंह शामिल हैं। यह टीम प्रतिदिन कई गांवों व संस्थानों में आमजन, विद्यार्थियों और अभिभावकों को संबोधित कर रही है।

### अलेवा में जीएसटी उत्सव में मिलन समारोह आज

**उचाना।** आठ अक्टूबर बुधवार को अलेवा में दुकानदार एवं व्यापारी मिलन समारोह का आयोजन होगा। मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचेंगे। संदीप चहल ने बताया कि जीएसटी उत्सव के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए शुरू हुए अभियान हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए आमजन को जागरूक किया जाएगा।



### रिषी हत्याकांड मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** एवीटी स्टाफ और सीआईए स्टाफ की संयुक्त टीम ने रिषी हत्याकांड मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान अमरगढ़ गांव निवासी गुरमीत उर्फ मोटा के रूप में हुई है। एवीटी स्टाफ इंचार्ज के उप निरीक्षक कमल सिंह ने बताया कि सीआईए नरवाना के उप निरीक्षक सुखदेव सिंह को सूचना मिली कि रिषी हत्याकांड मामले का एक आरोपित गुरमीत उर्फ मोटा गांव अमरगढ़ में आ रहा है। इस पर उनकी टीम ने कार्रवाई करते हुए सीआईए नरवाना और वीएटी स्टाफ की संयुक्त टीमों ने गांव अमरगढ़ से आरोपी गुरमीत को काबू कर लिया है। आरोपी गुरमीत करीब तीन माह से फरार चल रहा था।

### बनभौरी धाम के लिए बस का लगेगा एक चक्कर

**जींद।** जींद से बनभौरी धाम के लिए बस पहले की तरह केवल एक ही चक्कर लगाएगी। नवरात्र में यात्रियों की भीड़ के चलते जींद से बनभौरी धाम के लिए एक फेरा बढ़ाया गया था। अब बस पहले की तरह दोपहर लगभग दो बजे बस स्टैंड से चलेगी। जो रात को वही नाइट स्टे करेगी। फिर बस सुबह सात बजे जींद के लिए वापस चलेगी। सुबह आठ बजे के बाद बस रोहतक रूट पर चक्कर लगाएगी। गौरतलब है कि अगस्त माह की शुरुआत में यात्रियों की मांग पर रोडवेज जींद डिपो ने जींद से बनभौरी धाम के लिए बस चलाई थी। इससे पहले यह बस लगभग चार महीने से बंद थी।

### एसयूसीआई ने मनाया निंदा दिवस

**ढांड।** एसयूसीआई पार्टी द्वारा ढांड के पंचमुखी चौक पर फिलिस्तीन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तथाकथित 'शांति योजना' के विरोध में निंदा दिवस मनाया गया और ट्रम्प का पुतला फूंका गया। पार्टी के जिला सचिव कामरेड राजकुमार सारसा ने ट्रम्प ने जो शांति योजना प्रस्तावित की है, वह औपनिवेशिक साजिश है।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह में सफाई मित्रों को किया सम्मानित, जिले में कई जगह हुए कार्यक्रम

# महर्षि वाल्मीकि ने समाज को समानता, करुणा और समरसता का दिया अमर संदेश : रामकुमार गौतम

**अयोध्या के एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखना उनके प्रति सच्ची श्रद्धा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने समाज को समानता, करुणा और समरसता का अमर संदेश दिया। महर्षि वाल्मीकि का जीवन इस बात का प्रतीक है कि ज्ञान, तप और आचरण के बल पर व्यक्ति समाज में आदर्श स्थापित कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिए अनेक कार्य किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण करवाकर करोड़ों लोगों की आस्था को सम्मान दिया है। साथ ही अयोध्या के एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखना उनके प्रति सच्ची श्रद्धा का प्रतीक है। प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं को लोकतंत्र में एक तिहाई आरक्षण देकर उन्हें सशक्त बनाने का ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। राज्य सरकार द्वारा भी कैथल जिला में संस्कृत विश्वविद्यालय का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखकर समाज के लिए गर्व की बात की है। मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा अनुसूचित जाति को दो वर्गों में विभाजित कर डीएससी समाज की वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया गया हैए जिससे डीएससी समाज को उचित अधिकार मिला है। इस अवसर पर विधायक द्वारा बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के योगदान को भी याद किया और कहा कि उन्होंने समाज को नई दिशा दी। उन्होंने समाज के लोगों से 17 अक्टूबर को सोनीपत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।

भाजपा नेता योगेश बैरागी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाएं आज भी समाज में प्रासंगिक हैं। राज्य सरकार द्वारा महापुरुषों की जयंतियां मना कर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। इस मौके पर जींद के एसडीएम सत्यवान मान, सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा, डीआईपीआरओ कृष्ण कुमार, डीडब्ल्यूओ नरेन्द्र सिंह, ईओ रिषिकेश, डा. सुनील लोट, रणवीर सिंह ढाठरथ सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक रामकुमार गौतम।



जींद। सफाई मित्रों को सम्मानित करते विधायक। फोटो : हरिभूमि

### संत महापुरुष सम्मान योजना

सफीदों विधायक रामकुमार गौतम मंगलवार को संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत मंगलवार को जिला प्रशासन द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में डीआरडीए सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के तौर पर जुलाना विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रहे कैप्टन योगेश बैरागी ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि संत, महापुरुषों के विचारों का प्रसार सामाजिक एकता और सद्भाव को सुदृढ़ करता है। राज्य सरकार द्वारा समाज के सभी महापुरूषों की जयंतियां संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के अंतर्गत मनाई जा रही हैं। विधायक गौतम ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रामायण की रचना भगवान श्रीराम के जन्म से पहले ही की गई थी। उनके जीवन से हमें आदर्श, त्याग और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने सीता माता को आश्रय दिया और लव-कुश का भी पालन व पोषण करके उन्हे अनेकों विद्याओं में पारंगत किया।

### सेखा पखवाड़ा में उत्कृष्ट कार्य पर सम्मान

जिला स्तरीय महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह में सेवा पखवाड़ा के दौरान सफाई अभियान में विशेष व उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को विधायक रामकुमार गौतम ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इन सफाई मित्रों में सफाई दरोगा विजेंद्र सिंह, सोहनलाल तथा सुरजीत, सफाई मित्रों में अजय कुमार, आशा देवी, अनिता, संतोष आदि शामिल है।



गुहला चीका। महर्षि वाल्मीकि स्वर्ण मंदिर में मुख्य अतिथि डॉ. रेखा रानी का स्वागत करते हुए आयोजक।

### महर्षि वाल्मीकि स्वर्ण मंदिर चीका में प्रकट दिवस धूमधाम से मनाया, हवन यज्ञ किया

**गुहला-चीक।** चीका स्थित महर्षि वाल्मीकि स्वर्ण मंदिर में महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस भव्य आयोजन में सर्व समाज के लोगों ने भाग लिया। सुबह कार्यक्रम की शुरुआत हवन-यज्ञ से हुई, जिसमें विश्व हिंदू परिषद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों ने मिलकर नगर की सुख-शांति के लिए आहुतियां दीं। मंदिर के प्रधान राकेश कुमार वाल्मीकि, मकली राम और समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. रेखा रानी, अध्यक्ष नगर पालिका चीका रहीं। उन्होंने मंदिर पहुंचकर भगवान महर्षि वाल्मीकि के दर्शन किए और मंदिर की भव्यता की सराहना करते हुए कहा, यह मंदिर चौधरी ईश्वर सिंह का सपना था, जो आज साकार हुआ है। इस अवसर पर सालिन्द्र वाल्मीकि, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष कैथल, फूल सिंह खेड़ी जिला परिषद सदस्य, सरदार जंग सिंह, राजेश शर्मा पिंटू, राजीव शर्मा, अमरीक सिंह, संभालू जिन्दल राजेश सीडा, सुभाष, रिंपी आदि मौजूद रहे।

### महर्षि वाल्मीकि ने महाकाव्य रामायण लिखकर मानवता के कल्याण का दिया संदेश : सतपाल जांबा

**पूंडरी।** कविधायक सतपाल जांबा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने अपनी आध्यात्मिक एवं अलौकिक शक्ति से ऐसे ग्रंथ की रचना की है जो मानवीय जीवन के प्रभावी आदर्शों पर आधारित है। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन पर महाकाव्य लिखकर हमें जीवन का आदर्श सिखाया और मानवता के कल्याण का संदेश दिया। हमे उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करना चाहिए। पूंडरी विधायक सतपाल जांबा मंगलवार को वाल्मीकि जयंती पर विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और भगवान वाल्मीकि जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने सबसे पहले जांबा, फतेहपुर, पाई, बरसाना, रमाणा रमाणी, रसीना, बाकल, डीग, हाबड़ी, साच, साकरा, कौल, जड़ौला, बरोट आदि गांव मे आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया और गांवों के विकास कार्यो के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने समाज में सामंजस्य पैदा करने और ऊंच-नीच के भेदभाव को कम करने की राह दिखाई।इस अवसर पर विकास, सोनू, सुनील सहित समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।



पूंडरी। विधायक सतपाल जांबा को सम्मानित करते समाज के लोग



पूंडरी। भाजपा नेता सतबीर भाणा महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

### महर्षि वाल्मीकि जयंती पर भाजपा नेता सतबीर भाणा ने दर्जनों गांवों में पुष्पांजलि अर्पित की

**पूंडरी।** महर्षि वाल्मिकी जयंती के अवसर पर भाजपा नेता सतबीर भाणा ने पूंडरी हलके के फतेहपुर, पूंडरी, मोहना, टयोंठा, सांच, रसीना, पाई, रमाना, बाकल, साकरा व बरोट सहित दर्जनों गांवों में पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए और समाज के लोगों के साथ जयंती समारोह में भाग लिया। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मिकी जी का जीवन तप, त्याग और ज्ञान का प्रतीक है। सतबीर भाणा ने कहा कि वाल्मिकी जी ने रामायण जैसी अमर रचना के माध्यम से समाज को धर्म, सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में समरसता, समानता और भाईचारे की भावना को मजबूत करना चाहिए। भाणा ने विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचकर स्थानीय लोगों से संवाद किया और कहा कि भाजपा सरकार संतों और महापुरुषों के आदर्शों पर चलकर समाज उत्थान के लिए कार्य कर रही है। इस अवसर पर गांवों में लोगों ने बड़ी श्रद्धा से वाल्मिकी जयंती मनाई। जगह-जगह सतबीर भाणा का फूलमालाओं से स्वागत किया गया।

### आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में वाल्मीकि जयंती उत्सव

**राजौंद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में महर्षि वाल्मीकि जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल ओ पी शर्मा ने की। विद्यार्थियों ने महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन व आदर्शों पर भाषण और कविता प्रस्तुत की। प्रिंसिपल ओ पी शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने समाज को ज्ञान सत्य और न्याय का मार्ग दिखाया। उनके आदर्श आज भी हमें सच्चे जीवन मूल्यों का पालन करने की प्रेरणा देते हैं। महर्षि वाल्मीकि ने रामायण में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वह इस महान पवित्र पुस्तक के लेखक थे। उन्होने ही रामायण की इस कहानी को अपने शिष्यों, लव और कुश, को सुनाई थी जो कि सीता की संतान थे। महर्षि वाल्मीकि जयंती को महान ऋषि वाल्मीकि का जन्मदिवस के रुप मे मनाया जाता है। यह पर्व प्रकट दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

### महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सीवन में भव्य आयोजन



सीवन में आयोजित कार्यक्रम में लंगर ग्रहण करते लोग।

**सीवन।** महर्षि भगवान वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर सीवन में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का अनुपम संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में पूर्व विधायक दिल्लु राम बाजीगर, पूर्व विधायक बूटा सिंह, पूर्व विधायक फूल सिंह खेड़ी, मार्केट कमेटी अध्यक्ष शमशेर सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण रसूलपुर सहित अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी और श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने मानवता, सत्य, धर्म और कर्तव्यपरायणता का जो मार्ग दिखाया, वह न केवल किसी एक समाज के लिए बल्कि संपूर्ण मानव जाति के लिए प्रेरणास्रोत है। आयोजन में जिला प्रधान पाला राम सौदा, चतर सिंह वाल्मीकि, सतपाल वाल्मीकि, पार्षद श्रीराम और कन्नू राम वाल्मीकि ने बताया कि इस अवसर पर एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मांगेराम शर्मा ने किया। इस अवसर पर बलविंद्र जांगड़ा, संदीप सैनी, सुधीर मिड्डा, रवि सैनी, पृथ्वी सैनी, बलदेव सिंह, विकास शर्मा, विक्की ग्रोवर, नरेश मुंजाल, रवि मौर्य, रोहतास सिसोदिया, रामेश्वर तंवर सहित अनेक समाजसेवी और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### वाल्मीकि वेदों के ज्ञाता व ब्रह्म ज्ञानी थे : देवेंद्र अत्री

**उचाना।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में कसूहन, वाल्मीकि मंदिर उचाना मंडी, पालवां, भौंसला, पालवां में वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास पालवां, काकड़ोद, उचाना खुर्द में आयोजित कार्यक्रमों में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे। यहां पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। विधायक ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि वेदों के ज्ञाता और ब्रह्म ज्ञानी थे। उन्होंने मानवता को शोषितों व पीड़ितों के प्रति करुणा व दया भाव रखने, त्याग करने का पाठ पढ़ाया। उन्होंने महाकाव्य रामायण की रचना की, जो हमें धर्म और कर्तव्य का पाठ पढ़ाती है। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर शिक्षा और खेलों जैसे अनेक क्षेत्रों में भाग लेकर अपने क्षेत्र व देश का नाम रोशन करें। अत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने समाज को समानता, समरसता और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनकी अमर कृति रामायण जीवन का आलोक है जो हर युग में मर्यादा, भक्ति, त्याग और धर्म के पथ को प्रकाशित करती है। शबरी की भक्ति, गिलहरी का योगदान और केवट की निष्ठा जैसे प्रसंग हमें यह सीख देते हैं कि समाज का प्रत्येक वर्ग सम्मान और सहभागिता का अधिकारी है। विधायक द्वारा उचाना मंडी में वाल्मीकि मंदिर प्रांगण में लाइब्रेरी निर्माण को लेकर 10 लाख रुपए की ग्रांट देने की घोषणा की। इस मौके पर योजना बोर्ड के पूर्व सदस्य डॉ. जिले सिंह राणा, मनोनित पार्षद नरेश सौंगरी, कुश, शिवा, शुभम, लखमी, सुभाष मौजूद रहे।



### जिले भर में श्रद्धा से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती



**जींद/नरवाना।** जिलाभर में मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह भंडारे लगाए गए। जिनमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद बाजार में शोभा यात्रा भी निकाली गई। शोभा यात्रा के दौरान विभिन्न तरह की झांकियां भी दर्शाई गई। शोभायात्रा में वाल्मिकी समाज द्वारा तरह-तरह की झांकिया निकाली गई थी। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने महर्षि वाल्मीकि जयंती पर नरवाना में निकाली गई शोभायात्रा को झंडी दिखा कर रवाना किया। यह शोभायात्रा वाल्मीकि युवा संस्था के तत्वावधान में निकाली गई। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि शोभा यात्रा का मुख्य उद्देश्य महर्षि वाल्मीकि के संदेश, शिक्षा तथा सिद्धांत को आम जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में आयोजन समिति सदस्यों द्वारा कैबिनेट मंत्री का पगड़ी तथा सरोपा भेंट कर स्वागत किया। शोभायात्रा नरवाना के चोपड़ा पत्ती वाल्मीकि मोहल्ला स्थित वाल्मीकि मंदिर से शुरू हुई जो पंजाबी चौक, अपोलो चौक तथा रेलवे स्टेशन से होती हुई शहर के मुख्य मार्गों से गुजरी।



महर्षि वाल्मीकि जयंती पर उपिस्थत पूर्व विधायक कुलवंत सिंह बाजीगर व अन्य।

### महर्षि वाल्मीकि ने समाज को दी समानता, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणाः कुलवंत बाजीगर

**गुहला-चीका।** पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि न केवल रामायण के रचयिता थे, बल्कि उन्होंने समाज को समानता, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए पथप्रदर्शक हैं। पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि की जयंती के उपलक्ष्य में गुहला वार्ड 11 स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर में आयोजित हल्का स्तरीय कार्यक्रम के दौरान संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। लोगों की समस्याओं और भविष्य की संभावना को देखते हुए नित नई नई योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। आमजन को बिजली, पानी, स्वास्थ्य व अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। अभी देश की अर्थव्यवस्था विश्व में चौथे स्थान पर है और हम सब मिलकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अर्थव्यवस्था में तीसरे स्थान पर पहुंचेंगे। महिलाओं को सशक्त और मजबूत बनाने की दिशा में सरकार लाडो योजना के तहत नवंबर माह से सीधे उनके खातों में 2100 रुपये डाले जाएंगे। पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने सीवन में आयोजित कार्यक्रम में भी शिरकत की। इस मौके पर हरजोत वडेच, जगजीत सिंह, बंसीलाल, संजू के अलावा अन्य पदाधिकारी व समाज के लोग मौजूद रहे।

**आयोजन** | धर्म जागरण प्रान्त प्रमुख चंद्र ने स्वयंसेवकों को किया संबोधित

# संघ हिंदुत्व का विचार लेकर चल रहा : चंद्र

**आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल में पथ संचलन करते स्वयंसेवक।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में दयानंद उपनगर कैथल द्वारा विजयदशमी के उत्सव पर आरकेएसडी महाविद्यालय कैथल प्रांगण में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में हिस्सा लिया। सर्वप्रथम शस्त्र पूजन किया गया। मुख्यतिथि सरदार हरपाल सिंह जी प्रधानाचार्य रहे। इस अवसर पर धर्म जागरण प्रान्त प्रमुख श्रीमान चंद्र जी ने स्वयंसेवकों को संबोधित कर उनका मार्गदर्शन किया।

धर्म जागरण प्रान्त प्रमुख चंद्र ने स्वयंसेवकों को संघ के आदर्शों और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य समाज को एकजुट करना और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से संघ अपने उद्देश्यों और आदर्शों को समाज में प्रसारित करने का प्रयास करेगा। उन्होंने कहा संघ देश का शाश्वत विचार है और लाखों स्वयंसेवक इसे पूर्ण करने में लगे हैं। संघ देश के लिए जीने वाले राष्ट्रीय चरित्रवान नागरिक तैयार कर रहा है।संघ समाज के हर वर्ग के लिए सेवा कार्य कर रहा है ताकि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का भी उत्थान हो। संघ हिंदुत्व का विचार लेकर चल रहा है।

**संघ कर रहा समाजसेवा**

संघ ने समय समय पर आजादी के आंदोलनों, प्राकृतिक आपदा, कोई दुर्घटना, लोकमत परिष्कार व समाजहित में अनेक आन्दोलनों में अपना योगदान दिया है। शताब्दी वर्ष के दौरान संघ समाज में पंच परिवर्तन जोकि सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेगा। भारत का नाम आज अग्रणी देशों में आता है और वो दिन दूर नहीं जब हम भारत को परमवैभव पर ले जायँगे। अब भारत डरने वाला देश नहीं। पूरी दुनिया भारत की प्रमुखता को स्वीकार रही है। उसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा पूर्ण गणवेश में पथ संचलन किया गया।

### इस रूट से होकर गुजरे स्वयंसेवक

यह आरकेएसडी महाविद्यालय से चलकर अम्बाला रोड से मॉडल टाउन ढांड रोड से होते हुए वापिस महाविद्यालय के प्रांगण में पहुंचा।

कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में स्वयंसेवकों को एकजुट करना और उन्हें संघ के आदर्शों और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रेरित करना था।

इस कार्यक्रम में शाम बंसल, प्रीतम, डॉ ठकराल, मनीष, सुशील, मनोज, सचिन, नरेश, हरदीप राणू अधिवक्ता आदि उपस्थित रहे।

### देवीलाल चौक अंडरपास के दोनों तरफ लगाए जाएं अवरोधक : गोयल



जींद। देवीलाल चौक अंडरपास पर अवरोधक लगाने की मांग की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल ने रेलवे विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि चौधरी देवीलाल चौक के पास जो छोटा अंडरपास बनाया गया है, उस अंडर पास के दोनों तरफ पाइपों के स्थाई अवरोधक लगाए जाएं ताकि दोपहिया वाहनों से बड़े वाहन अंडर पास में एंट्री न कर सकें। गोयल का कहना है कि वे इस बारे में जल्द ही प्रशासनिक अधिकारियों से मिलेंगे और इस समस्या का निदान करने की मांग करेंगे। गोयल का कहना है कि देवीलाल चौक के पास रेलवे विभाग द्वारा कुछ समय पूर्व एक छोटा अंडरपास बनाया गया था ताकि पैदल यात्रियों, महिलाओं, विद्यार्थियों और बुजुर्गों को सड़क पार करते समय सुविधा और सुरक्षा मिल सके लेकिन वर्तमान में यह अंडरपास अपने मूल उद्देश्य से भटक गया है। अब इस मार्ग से बड़े वाहन, ईरिक्शा, ऑटो रिक्शा, कार इत्यादि भी अंदर से गुजरने लगे हैं। जिससे अंडरपास के अंदर अक्सर दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।